भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार/Government of India
भादूविप्रा
TRAI

दिनांक : 27 फरवरी , 2026

निर्देश

विषय: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 11 की उप-धारा (1) के खंड (बी) के उप-खंड (आई) और (वी) के साथ पठित धारा 13 अधीन, इंटर-आपरेटर साझेदारी के लिए ए.आई./एम.एल. आधारित यू.सी.सी._डिटेक्ट इंटेलिजेंस को स्थाई रुप देने और यू.सी.सी. भेजने वालों के विरुद्ध विनियामक कार्रवाई के संबंध में निर्देश।

फाइल संख्या RG-25/(17)/2022-QoS (E-8557) — जबकि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (इसके बाद "प्राधिकरण" के रूप में संदर्भित), जिसे भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24वां) (इसके बाद "ट्राई अधिनियम" के रूप में संदर्भित) की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत गठित किया गया है, ने वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) को विनियमित करने के लिए दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम, 2018 (2018 का 6 वां), (इसके बाद "विनियम" के रूप में संदर्भित) बनाए हैं;

2. और जबकि विनियम 5 के उप-विनियम (9) के तहत एक्सेस प्रोवाइडर्स को उन वाणिज्यिक संचार भेजने वालों का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है, जो उनके साथ पंजीकृत नहीं हैं;

3. और जबकि विनियम 8, विनियम की सारिणी IV के साथ पठित (इसके बाद सारिणी IV के रूप में सदर्भित), प्रत्येक एक्सेस प्रोवाइडर के लिए यह अनिवार्य करता है कि वे रिटेल यूसीसी सेंडर्स का पता लगाने के लिए एक यूसीसी पहचान प्रणाली स्थापित करेंगे, उसे बनाए रखेंगे और संचालित करेंगें;

4. और जबकि सारिणी IV के खंड 1 की मद (1) की उप-मद (ए) सिगनेचरर्स के आधार पर सेंडर्स की पहचान अनिवार्य बनाती है;

5. और जबकि सारिणी IV के खंड 1 की मद (1) की उप-मद (डी) डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नालॉजी (डी.एल.टी.) प्लेटफार्म पर अन्य एक्सेस प्रोवाइडर्स के साथ यू.सीसी_डिटेक्ट डेटा और अंतर्दृष्टि को वास्तविक समय में साझा करना अनिवार्य बनाती है

6. और जबकि अनुसूची IV के खंड 1 की मद (1) की उप-मद (जी) परिभाषित संकेतों या ट्रिगर मापदंडों के आधार पर प्रेषकों की पहचान और ऐसे प्रेषकों को संदिग्ध अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के रूप में मानना अनिवार्य बनाती है;

7. और जबकि सारिणी IV के खंड 1 की मद (1) की उप-मद (i) सक्रिय यू.सी.सी. का पता लगाने, रोकथाम और निगरानी के लिए उन्नत और विश्वसनीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) और मशीन लर्निंग (एम.एल.) आधारित तकनीकी समाधानों के उपयोग को अनिवार्य बनाती है;

8. और जबकि सारिणी IV के खंड 1 के मद (1) के उप-मद (एफ) में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान किया गया है कि यू.सी.सी._पहचान प्रणाली में एक्सेस प्रोवाइडर सिस्टम के किसी अन्य नेटवर्क तत्वों से उपलब्ध इनपुट, यदि कोई हो, पर विचार करने की कार्यक्षमता होनी चाहिए;

9. और जबकि प्राधिकरण ने, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24वॉ) की धारा 13 के तहत, धारा 11 की उपधारा (1) के खंड (बी) के उपखंड (आई) और (वी) के साथ पठित, तथा विनियमों के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपने निर्देश संख्या आरजी-25/(6)/2022-क्यूओएस दिनांक 13 जून, 2023 के माध्यम से, सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स को, अन्य बातों के साथ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग आधारित यूसीसी पहचान प्रणाली को लागू करने का निर्देश दिये गए , जो अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) द्वारा उपयोग किए जाने वाले नए सिगनेचर्स, नए पैटर्न और नई तकनीकों से निपटने के लिए लगातार विकसित होने में सक्षम हो;

10. और जबकि कई एक्सेस प्रोवाइडर्स ने ए.आई./एम.एल. आधारित नेटवर्क-लेवल यू.सी.सी डिटेक्शन और चेतावनी प्रणालियॉ लगा दी हैं और कॉल एवं सन्देश, मात्रा, वेग, विविधता, अवधि और अस्थायी पैटर्न सहित व्यवहार संबंधी सिगनेचर्स का विश्लेषण करने और लगभग वास्तविक समय में यू.सी.सी. को चिह्नित करने की अपनी क्षमता को प्रमाणित किया है

11. और जबकि एक्सेस प्रोवाइडर्स ने बड़े पैमाने पर सब्सक्राईबर फेसिंग एलर्ट के लिए पूर्ववर्ती पैरा में निर्दिष्ट, संदर्भित पहचान सिस्टम का उपयोग किया है, लेकिन ऐसी ए.आई./एम.एल.-आधारित प्रणालियों की उपलब्धता और प्रदर्शित प्रभावशीलता को देखते हुए, मूल संस्थाओं के विरुद्ध जांच और प्रवर्तन के लिए इन आउटपुट को अभी तक स्थाई रुप नहीं दिया गया है;

12. और जबकि प्राधिकरण ने यह पाया है कि बैकएंड प्रवर्तन के बिना उपाभोक्ता को सचेत करना एक निवारक के रूप में कार्य नहीं करता है और इस प्रकार, प्रवर्तन, मुख्य रूप से शिकायत-संचालित बना हुआ है;

13. और जबकि यूसीसी शिकायत आंकड़ों से प्राधिकरण ने पाया है कि लगभग 85 प्रतिशत यूसीसी शिकायतें अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ दर्ज की जाती हैं;

14. और जबकि यूटीएम-जनित यूसीसी के प्रभावी नियंत्रण के लिए एक्सेस प्रोवाइडर्स द्वारा लगाए गए एआई/एमएल-आधारित नेटवर्क इंटेलिजेंस का कैलिब्रेटेड उपयोग आवश्यक है;

15. और जबकि प्राधिकरण का मानना है कि एक्सेस प्रोवाइडर्स ने व्यवहार संबंधी मापदंडों की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करते हुए ए.आई./एम.एल.-आधारित यू.सी.सी._डिटेक्ट प्रणालियों को लगाया है;

16. इसलिए, अब ट्राई अधिनियम, 1997 की धारा 11 की उप-धारा (1) के खंड (बी) के उप-खंड (आई) और (वी) के साथ पठित धारा 13 अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और दूरसंचार वाणिज्यिक दूरसंचार ग्राहक वरीयता, विनियम, 2018 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए, प्राधिकरण एतद्द्वारा निर्देश देता है कि -

(ए) यह निर्देश सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स पर लागू होगा.

(बी) इस निर्देश में किसी भी चीज़ के लिए किसी भी एक्सेस प्रोवाइडर द्वारा लगाए गए एआई-आधारित यूसीसी पहचान सिस्टम के स्वामित्व-एल्गोरिदम, सोर्स कोड, मॉडल वास्तुकला अथवा आंतरिक जोखिम-स्कोरिंग पद्धतियों के प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं होगी;

(सी) प्रत्येक टर्मिनेटिंग एक्सेस प्रोवाइडर (टी.ए.पी.), अपने ए.आई./एम.एल.-आधारित यू.सी.सी_डिटेक्ट सिस्टम के द्वारा, ए.आई./एम.एल.-आधारित यू.सी.सी डिटेक्ट_सिस्टम में निर्दिष्ट व्यवहार मानकों के आधार पर सेंडर की कॉलिंग लाइन आइडेंटिफिकेशन (सी.एल.आई.) की पहचान करेगा और उसे "संदिग्ध यू.सी.सी-सी.एल.आई" के रूप में चिह्नित करेगा। इस तरह के फ्लैगिंग के तुरंत बाद और किसी भी मामले में इस तरह के फ्लैगिंग के दो घंटे के भीतर, टी.ए.पी. डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी (डी.एल.टी.) प्लेटफॉर्म के द्वारा संबंधित ओरिजिनेटिंग एक्सेस प्रोवाइडर्स (ओ.ए.पी.) के साथ फ्लैग किए गए सी.एल.आई. को साझा करेगा

(डी) टी.ए.पी. से चिह्नित सी.एल.आई. की प्राप्ति पर, ओ.ए.पी. तुरंत अनुलग्नक-I के अनुसार, ऐसे सी.एल.आई.से जुड़े सेंडर को एस.एम.एस. अथवा मेल अथवा दोनों के माध्यम से एक अधिसूचना जारी करेगा, जिसमें सूचित किया जाएगा कि उसके सी.एल.आई. को "संदिग्ध यू.सी.सी.-सी.एल.आई" के रूप में चिह्नित किया गया है

(ई) टी.ए.पी. से चिह्नित सी.एल.आई. की प्राप्ति के एक कारोबारी दिवस के भीतर, ओ.ए.पी., ऐसे सी.एल.आई. से जुड़े सेंडर के यूनीक के.वाई.सी. पहचानकर्ताओं का पता लगाएगा, अपने ग्राहक रिकॉर्ड का उपयोग करके सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स को ऐसे सेंडर को आवंटित सभी दूरसंचार संसाधनों की पहचान करने में सक्षम बनाएगा, और एक कारोबारी दिवस के भीतर, डी.एल.टी. प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबंधित रिकार्ड ऐसे सेंडर के यूनीक के.वाई.सी. पहचानकर्ताओं को अन्य सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स के साथ साझा करेगा, जो ओ.पी.ए. से ऐसे यूनीक के.वाई.सी. पहचानकर्ताओं की प्राप्ति के एक कारोबारी दिवस के भीतर, ऐसे सेंडर को उनके द्वारा आवंटित सभी दूरसंचार संसाधनों की पहचान करेंगे

(एफ) ऐसे सेंडर को आवंटित सभी दूरसंचार संसाधनों की पहचान करने पर, जैसा कि पूर्ववर्ती पैरा में निर्दिष्ट, सदर्भित है, ओ.ए.पी. सहित सभी एक्सेस प्रदाता, अगले एक कारोबारी दिवस के भीतर जांच करेगें कि क्या उसी सेंडर को आवंटित अन्य सी.एल.आई. को पिछले दस दिनों के दौरान उनके संबंधित ए.आई./एम.एल.-आधारित स्पैम चेतावनी प्रणालियों द्वारा "संदिग्ध यू.सी.सी-सी.एल.आई" के रूप में चिह्नित किया गया है, और उसी सेंडर को मैप किए गए ऐसे सभी चिह्नित सी.एल.आई. को उसी दिन सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स द्वारा

डी.एल.टी. प्लेटफॉर्म पर दर्ज और साझा किया जाएगा

(जी) पूरे नेटवर्क में ऐसे सेंडर से जुड़े सभी सी.एल.आई. के डेटा की प्राप्ति पर, जिन्हें "संदिग्ध यू.सी.सी_सी.एल.आई" के रूप में चिह्नित किया गया है, सभी संबंधित ओ.ए.पी. ऐसे डेटा की प्राप्ति के एक कारोबारी दिवस के भीतर जांच करेंगे कि क्या पिछले दस दिनों की अवधि के भीतर सेंडर के पांच अथवा अधिक सी.एल.आई. को "संदिग्ध यू.सी.सी -सी.एल.आई" के रूप में चिह्नित किया गया है, और यदि यह पाया जाता है कि सेंडर के पांच अथवा अधिक सी.एल.आई को पिछले दस दिनों के भीतर "संदिग्ध यू.सी.सी_सी.एल.आई" के रूप में चिह्नित किया गया है, तो सभी संबंधित ओ.ए.पी. सेंडर के विरुद्ध निम्नानुसार कार्रवाई करेंगे

(क) इस तरह की पहली घटना के लिए, ओ.ए.पी., अगले तीन कारोबारी दिवसों के भीतर, लाइसेंस की शर्तों के अनुसार सेंडर के.वाई.सी. का पुन: सत्यापन करेगा और मौजूदा के.वाई.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा

(ख) ऐसी दूसरी घटना के लिए, ओ.ए.पी., अगले पांच कारोबारी दिवसों के अंदर, सेंडर का भौतिक के.वाई.सी. सत्यापन करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ओ.ए.पी. द्वारा आवंटित दूरसंचार संसाधनों का सेंडर द्वारा यू.सी.सी. भेजने के लिए दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है अथवा नहीं, और यदि सेंडर का के.वाई.सी. ब्योरा, जो ओ.ए.पी. के पास उपलब्ध है, भौतिक सत्यापन होने पर मौजूदा ब्योरे से मेल नहीं खाता है, अथवा यदि यह पाया जाता है कि सेंडर द्वारा यू.सी.सी. भेजने के लिए दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग नियमों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा है, तो ओ.ए.पी. विनियमन 25 के उप-विनियमन 6 के खंड (ए) के अनुसार सेंडर के विरुद्ध कार्रवाई करेगा

(ग) ऐसे किसी भी बाद की घटना के लिए, ओ.ए.पी., अगले पांच करोबारी दिवसों के भीतर, सेंडर का भौतिक के.वाई.सी. सत्यापन करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ओ.ए.पी. द्वारा आवंटित दूरसंचार संसाधनों का सेंडर द्वारा यू.सी.सी. भेजने के लिए दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है और यदि सेंडर का के.वाई.सी. ब्योरा, जो कि ओ.ए.पी. के पास उपलब्ध है, भौतिक सत्यापन पर प्राप्त ब्योरे से मेल नहीं खाता है, अथवा यदि यह पाया जाता है कि सेंडर द्वारा यू.सी.सी. भेजने के लिए दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग नियमों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा है, तो ओ.ए.पी. विनियम 25 के उप-विनियम (6) के खंड (बी) के अनुसार सेंडर के विरुद्ध कार्रवाई करेगा।

17. सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स को इस निर्देश के जारी होने की तारीख से 30 दिनों के अंदर उपरोक्त निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया जाता है।

ह/-

(दीपक शर्मा)

सलाहकार (क्यूओएस- II)

सेवा में

सभी एक्सेस प्रोवाइडर

अनुलग्नक -I

<u>अधिसूचना का फार्मेट इस प्रकार से होगा :</u>

पैटर्न विश्लेषण के आधार पर <number > से आपके द्वारा की गई <call/ SMS> को संदिग्ध अवांछित वाणिज्यिक संचार के रूप में चिह्नित किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि वाणिज्यिक संचार केवल पंजीकृत प्रेषकों या टेलीमार्केटर्स द्वारा ट्राई के नियमों के अनुसार किया जा सकता है। यदि आप अवांछित वाणिज्यिक संचार भेजने में संलिप्त पाए जाते हैं, तो आपके सभी सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा टेलीफोन कनेक्शन से संबंधित प्रतिकूल कार्रवाई की जा सकती हैं, जिसमें आउटगोइंग कॉल को रोकना या एक वर्ष के लिए कनेक्शन काटना और ब्लैकलिस्ट करना शामिल है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया कॉल <number> करें या मेल <mail-id> करें "